# जमदग्नि पब्लिक स्कूल

**द्वितीय अंतर-सदन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता**

**विषय: सामाजिक मुद्दे**

विद्यालय परिसर में 29 जुलाई 2026 को द्वितीय अंतर-सदन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का विषय "सामाजिक मुद्दे" रखा गया था।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों - रूमानवान, सुषेण ,वासु एवं विश्वावासु सदन - के चयनित विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम, संस्कारों की पुकार, परीक्षा का तनाव, पेपर लीक से उत्पन्न तनाव, लड़कियों की समस्याएं तथा "रिटायर नहीं बेकार" जैसे गंभीर और समसामयिक विषयों पर अपने नाटकों द्वारा न केवल मनोरंजन किया बल्कि दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर कर दिया। सभी टीमों का प्रदर्शन उत्कृष्ट और अभूतपूर्व रहा।

कार्यक्रम की निर्णायक मंडली में विद्यालय के हिंदी विभाग से श्री राजेश शर्मा जी एवं श्रीमती मीना ठकराल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कक्षा 10 की छात्राओं वेदांशी और अनुष्का द्वारा किया गया।

## परिणाम:

| कक्षा | स्थान | प्रतिभागी: |
|---|---|---|
| कक्षा-9 | प्रथम स्थान - वासु सदन | वर्णिका सैनी, उत्कर्ष सिंह, मोहम्मद शायान, चायंक सैनी, सोनाक्षी कश्यप, अफीसा, फरहत ,फरहाना, समर प्रताप सिंह, उज्जवल सिंह, मुक्तिका सिंह, विधि, अक्षित कुमार |
| | द्वितीय स्थान -सुषेण सदन | दिव्या चौधरी, गुरताज, सृष्टि, मानवी, वर्तिका शर्मा, हिमांशी, आसमा आराध्य, शगुन, तनीषा, माही, दिव्यवर्धन |
| | तृतीय स्थान -रुमानवान सदन | अनंत, संस्कृति, अंशिका, मानवी, आयुषी, साक्षी, आस्था, प्रांजल, रौनक, अक्षत, प्रांजल, वंश गुप्ता, तेजस्वी |
| | तृतीय स्थान- विश्वावासु सदन | आयुषी, हिमांशी, मोहम्मद अदनान, दिव्यांशी, हिमांशी, मानवी, सुगम, अक्षु रितेश कुमार, आरव शर्मा, अर्पित शर्मा, आराध्या, कशफ अली, मोहम्मद अर्श |
| कक्षा-10 | प्रथम स्थान - सुषेण सदन | हिमानी, रमसा, प्रेरणा, निक्की, रितिका, खुशी, सना आलम, आरवि सैनी, परिधि |
| | द्वितीय स्थान -वासु सदन | श्रेया, संदीप, हरमनजीत, दीक्षांत, शिवम, देवांशु, गुरसेवक, राधिका, सिमरन, वर्षा, जयंत, आशियान, अभिकरण, वैष्णवी |
| | तृतीय स्थान -रुमानवान सदन | पलक, पायल, लकी, प्राची, ललित, साक्षी, कनिष्का, अवनी सैनी, आरव, सुखमन |
| | तृतीय स्थान -विश्वावासु सदन | स्फुर्ती, रवनीत कौर, गुरशकी कौर, आस्था कल्पना, अक्षिता, कृष्णा सिंह, वेदांशी, रितिका, अलजुहा, सायेशा, कनिष्का |

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक चेतना जागृत करना, उनमें अभिनय कला, संवाद कौशल एवं टीम भावना का विकास करना था। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि युवा पीढ़ी समाज की समस्याओं के प्रति सजग है और समाधान के लिए आवाज़ उठाने में सक्षम है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती मीनू शर्मा जी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि ऐसी गतिविधियाँ छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। सभी विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।









**प्रतियोगिता प्रभारी- मीनू रानी**